## एक नजर

### फादर एलेक्स ने पिठोरिया का दौरा किया



**पिठोरिया।** संत जेवियर कॉलेज रांची के फादर एलेक्स एक्का ने अपनी टीम के साथ गुरुवार को पिठोरिया गांव के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। पिठोरिया निवासी सुजीत कुमार केशरी के द्वारा उन्हें इस गांव की ऐतिहासिकता, भौगोलिक पक्ष, सामाजिक व्यवस्था, आजीविका के साधन सहित अन्य जानकारियां दी गईं। इस अवसर फादर के साथ प्रतुल चंद्र, महेंद्र कुमार और सूरज कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे।

### गृह मंत्री अमित शाह से मिले सुदेश महतो

**रांची।** आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने गुरुवार को दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालात सहित अन्य विषयों पर गृह मंत्री के साथ चर्चा की। आने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए इस मुलाकात को झारखंड के लिए काफी अहम माना जा रहा है। सुदेश कुमार महतो ने मुलाकात को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गठित एनडीए की सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में भी देश में विकास और सफलता के नये आयाम स्थापित करेगी। आजसू पार्टी लंबे समय से भाजपा की साथी रही है।

### डॉ. सरफराज अहमद और डॉ. प्रदीप वर्मा ने राज्य सभा सदस्य के रूप में शपथ ली

**रांची।** झारखंड से नव निर्वाचित झामुमो के वरिष्ठ नेता डॉ. सरफराज अहमद और भाजपा के डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शपथ के बाद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा और सरफराज अहमद का नए मेंबर के रूप

---

**रेंजर ने कहा कि ग्रामीणों ने गलतफहमी हुई है बहुत जल्द सच्चाई सामने आएगी**

# ग्रामीणों ने अवैध लकड़ी कटाई के आरोप में ट्रैक्टर सहित वनरक्षी को पुलिस के किया हवाले



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग थाना क्षेत्र के लतरातु देशवाली जंगल में बुधवार अवैध तरीके से सखुआ के बल्ली एवं बोटे काट जा रहे थे। लतरातु के ग्रामीणों ने सखुआ के बोटे के साथ ट्रैक्टर सहित सिविल ड्रेस में लकड़ी लोड करते नगड़ी बीट के वनरक्षी सहित ट्रैक्टर के चालक और सहयोगियों को भी कब्जे में ले लिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सिविल ड्रेस में वनरक्षी खुद अवैध तरीके से लकड़ी कटवा कर लोड कर रहे थे। लतरातु के ग्रामीणों ने वनरक्षी को बुधवार दोपहर से लेकर रात 10:00 बजे तक गांव में बैठाकर रखा और रात 10:00 बजे छोड़ा। दूसरे दिन गुरुवार को 9:00 बजे से लतरातु पंचायत सचिवालय परिसर में ग्राम प्रधान ललित उरांव एवं विधायक प्रतिनिधि सुजीत तिर्की की अध्यक्षता एवं संचालन में ग्रामीणों ने वनरक्षी आनंद भगत एवं अन्य लोगों को बुलाकर बैठक किया और निर्णय लिया कि वनरक्षी समेत ट्रैक्टर और ट्रैक्टर के चालक को लापुंग पुलिस के हवाले कर देना है। इस संबंध में लापुंग पुलिस को लिखित आवेदन देकर वनरक्षी सहित ट्रैक्टर चालक के ऊपर मामला दर्ज करने का अनुरोध किया गया। लापुंग के एएसआई हेरमन सोय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर लकड़ी लदे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। उधर वनरक्षी आनंद भगत ने कहा कि वे कल गश्ती में थे उन्हें जंगल में लकड़ी काटे जाने की सूचना मिली थी तो वे धरपकड़ के लिए ट्रैक्टर लेकर मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि वे वन विभाग के अधिनियम के तहत तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पहुंचे थे। लेकिन ग्रामीणों ने उन्हें गांव में दस बजे तक रात तक बैठा कर रखा। हालांकि लतरातु के श्याम लाल बडाईक ने कहा कि वनरक्षी सिविल ड्रेस में जंगल में क्या कर रहा था ? अगर जंगल की कटाई दूसरा कोई कर रहे थे तो इसकी सूचना वन रक्षा एवं प्रबंध समिति लतरातु के अध्यक्ष को क्यों नहीं दी गई। सिविल ड्रेस सेंडो गंजी में वनरक्षी खुद लकड़ी लोड कर रहे थे। जबकि वे लेबर लाए थे। ट्रैक्टर में नंबर भी नहीं था। रेंजर से बात कराने कहा गया तो वे राहुल से बात कराया।

> **वनरक्षी आनंद भगत ने कहा मैं गश्ती में था। लकड़ी कटने की सूचना मिली थी तो सीज करने पहुंचे थे**

---

### जन समस्याओं से अवगत हुए डॉ परमेश्वर भगत

**लापुंग।** गुरुवार को पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत ने लापुंग प्रखंड के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों के समस्याओं को लेकर अद्वितीय पहल की। उन्होंने गांव की जनता से सीधे मिलकर उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास किया। उन्होंने गांव में परिवारों के शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि संबंधी और जल संकट एवं विद्युत से संबधित समस्याओं को लेकर बैठक में ग्रामीणों ने विभिन्न तरह के समस्याओं से अवगत कराया जिसमे पेयजल के लिए जलमिनार, ट्रांसफर्मर, छोटा पुल पुलिया, विशेष कर अबुवा आवास योजन एवं लंबित वृद्धा पेंशन के बारे में लोगो ने शिकायत किया। डॉ परमेश्वर भगत ने सभी लोगों को भरोसा दिलाया की उक्त सभी समस्याओं हेतु विभाग के पदाधिकारी से विचार विमर्श करते हुए जल्द ठोस पहल किया जाएगा। मौके पर जोटोवा उरांव, गंदूर भगत, डेंबा उरांव, तेतरू प्रधान, भीमा उरांव एवं अन्य कई लोग उपस्थित हुए।

---

## न्यूज बॉक्स

### मारवाड़ी युवा मंच ने किया रक्तदान शिविर व नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा द्वारा हरमु रोड स्थित महालक्ष्मी सुजुकी में रक्तदान शिविर एवं नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। नि:शुल्क जांच शिविर के मुख्य सहयोग करता डॉ.विके. डांडनिया थे। उनकी टीम ने सभी का वजन, रक्तचाप एवं मधुमेह का नि:शुल्क जांच किया। रक्तदान शिविर के संयोजक मंच के रक्तदान प्रभारी विष्णु अग्रवाल एवं प्रवीण अग्रवाल ने जानकारी दी की आज के रक्तदान शिविर में 24 लोगों ने रक्तदान किया एवं आज के शिविर मे हेल्थ पॉइंट ब्लड सेंटर द्वारा रक्त संग्रह किया गया। मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा द्वारा 27.06.24 को कोकर स्थित परंपरा पिआगो एवं 28.06.24 को रातु रोड स्थित मोदी हाईट्स मे रक्तदान शिविर लगाया जायेगा। मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने बताया के कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्पर्ष चौधरी, निवर्तमान अध्यक्ष अमित चौधरी, पूर्व अध्यक्ष मनीष लोधा, दीपक गोयनका, अजय खैतान, मुकेश जांगिड़, निकुंज पोद्दार एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### सीआईएससीई रांची जोनल खो-खो टूर्नामेंट सफलतापूर्वक संपन्न



**सिल्ली।** फ्र एग्नेल स्कूल, डिबिडीह, रांची में सीआईएससीई रांची जोनल खो-खो टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में अलग-अलग छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया। वही यू-19 श्रेणी में, मजारेलो स्कूल, नामकोम विजेता बना, जबकि फ्र एग्नेल स्कूल, डिबिडीह ने रनर-अप की स्थिति हासिल की और उसुर्लाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल, मुरी ने दूसरा रनर-अप स्थान प्राप्त किया। उसुलाईन स्कूल का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा, जिसमें अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 श्रेणियों में कुल 36 लड़कियों ने भाग लिया। अंडर-19 लड़कियों की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया जिन्होंने मैचों के दौरान बहुत ही दृढ़ संकल्प और प्रयास का प्रदर्शन किया। इस मौके पर मेजबान स्कूल के पूर्व प्रबंधक फादर सादी सेबेस्टियन, प्राचार्य और उप-प्राचार्य ने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान किया साथ ही साथ उत्सुकता और उत्सव को और बढ़ाया।

### विधायक के पहल पर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के पिस्का पंचायत अंतर्गत राजागोड़ा गांव में लगा ट्रांसफार्मर लगभग एक महीना से खराब था जिसके चलते ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। बिजली की परेशानियों को देखते हुए ग्रामीणों ने इसकी सूचना सिल्ली के लोकप्रिय विधायक सुदेश कुमार महतो को दिया। स्थानीय विधायक ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों को तत्काल नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया। उनके पहल से आज गांव में 50 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया जिससे ग्रामीणों के चेहरे में खुशी खिल उठी। इस दौरान सिल्ली प्रखंड प्रमुख जीतेन्द्र नाथ बड़ाईक, पिस्का पंचायत प्रभारी गीता देवी, विशाल महतो, अनिल महतो, धीरेन महतो, बिरेन महतो समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में 18 वर्षीय युवक की मौत



**सिल्ली।** सिल्ली पुलिस को अहले सुबह गुरुवार के दिन रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग पर खून से लथपथ युवक अफताब खान, उम्र 18 वर्ष, पिता हसन जावेद खान, तालडागा पुरुलिया निवासी का शव मिला। ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक रांची पुरुलिया मार्ग पर घायल अवस्था में पड़ा हुआ था जिसे तत्पश्चात पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक को उठाकर सामुदायिक अस्पताल सिल्ली ले आई जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सड़क दुर्घटना के कारण युवक के शरीर पर कई गंभीर जख्म भी हैं। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया। पुरुलिया पुलिस की सहयोग से मृत युवक के परिजनों को खबर मिलते ही सिल्ली थाना पहुंचे और बताया कि आफताब खान पिछले 25 जून को सुबह घर से निकला था और वापस नहीं आया तत्पश्चाप परिजनों के द्वारा पुरुलिया थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया था। पोस्टमार्टम के बाद शव को पुलिस ने युवक के परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### चोरी के सामान के साथ चोर गिरफ्तार

**मांडर।** थाना अंतर्गत करगे पंचायत के बड़का हातमा के ग्रामीणों ने गुरूवार दोपहर चोरी किए हुए हाईटेंशन के एंगल के साथ चोरों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गये चोरों में हजारीबाग बड़कागांव के सिमरतिरि निवासी विनोद कुमार महतो, बड़कागांव महूदी के मेघु राणा, बुढ़मू के माशूक अंसारी, बुढ़मू ईचापीड़ी के इजहार मलिक, साहिल मलिक, चकमे गांव का गुलजार अंसारी, मक्का गांव का दीपक साहू एवं काशीटोला का रामनाथ लोहार शामिल हैं। इनके पास से चार बाइक जेएच 01 सी- 7433, जेएच 02के- 0468, जेएच 08एफ- 8129, जेएच 01ए-6241 सहित हाईटेंशन के करीब पांच क्विंटल टावर का एंगल बरामद किया गया है। ग्रामीणों ने बताया सभी चोर हातमा जंगल के निकट बाइक खड़ी कर खा पी रहे थे। एक साथ इतने लोगों को बोरा में बंद सामान के साथ देख गांव के लोगों को संदेह हुआ और उन्होंने घेर कर सभी को पकड़ लिया। पूछताछ के क्रम में बिजली के टॉवर के एंगल की चोरी करने के धंधे से जुड़े होने की जानकारी मिलने और उनके पास चोरी एंगल मिलने के बाद इसकी सूचना मांडर पुलिस को दी गयी और उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया।

---

**एक सप्ताह के अंदर पार्टी मोर्चा का गठन करेगा खलारी झामुमो**

# बूथ लेबल को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं ने कसी कमर



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** झामुमो खलारी प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक गुरूवार को खलारी सीमेंट फैक्ट्री यूनियन कार्यालय में हुई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान ने की। बैठक में कहा गया कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर खलारी प्रखंड के सभी पंचायत में पार्टी को मजबूत करने के लिए महिला मोर्चा, किसान मोर्चा व क्रीड़ा मोर्चा का जल्द से जल्द गठन किया जाएगा। वहीं आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांके विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा से उम्मीदवार दिया जाए इस पर भी विचार विमर्श किया गया। कहा गया कि संगठन विस्तार करते हुए बूथ लेबल को भी मजबूत करने के लिए कमर कस लिया गया है। अनिल पासवान ने कहा कि प्रखंड स्तरीय जो पदाधिकारी पार्टी के कार्य की अनदेखी कर रहे हैं उनको पार्टी द्वारा नोटिस के माध्यम से सूचना दिया जाएगा। बैठक में पांच प्रस्तावों को रखा गया। जिनमें है झारखंड मुक्ति मोर्चा महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, क्रीड़ा मोर्चा का गठन एक सप्ताह के अंदर करना, कांके विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा से प्रत्याशी देने, खलारी प्रखंड में युवा मोर्चा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा का एक महीने के अंदर सभी पंचायत में कमेटी गठन करने, खलारी प्रखंड के पदाधिकारी गांव-गांव का दौरा करेंगे तथा खलारी प्रखंड झामुमो अध्यक्ष व सचिव द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल पदाधिकारी से सप्ताह में दो दिन दिन मिलकर ग्रामीणो की समस्याओं का निदान कराना सुनिश्चित करने का प्रस्ताव शामिल है। इसके साथ ही बैठक में नए लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। जिनमें ऋतम कुमारी, पार्वती देवी, इन्दु देवी, सुमन देवी, सुनैना देवी, नीतू कुमारी, ज्योती कुमारी, अभय मिश्रा, अभिषेक साहू, राजीव कुमार,

---

### जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी अनिरुद्धाचार्य महाराज वृंदावन रवाना



**रांची।** स्वामी अनिरुद्धाचार्य महाराज और गोविन्द दास जी महाराज अपने परिकरों के साथ गुरुवार को वृंदावन के लिए हुए रवाना हो गए। श्रीस्वामी जी श्रीलक्ष्मी वेंकटेश मंदिर के सत्रहवें वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव समारोह में पधारे थे, जो 23 जून रविवार को संपन्न हुआ। इसके बाद 24 जून को कांचीपुरम से आये हुए श्रीवत्स भट्टर, कन्न भट्टर और अन्य आचार्य-परिचारक, पालकी वाहकों की टोली, नाद-स्वर पार्टी आदि की विदायी की गई थी। उसमें जगद्गुरु रामानुजाचार्य, श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज सबों को अपने हाथों से अंगवस्त्र-धोती व आशीर्वचन के साथ विदाई की। 27 जून को माहराजश्री समस्त शिष्य समुदाय तथा झारखंड वासीयों को आशीर्वाद प्रदान किया और वृंदावन धाम के लिए प्रस्थान कर गए। जाने के पूर्व भक्तों को संबोधित करते हुए महाराज ने कहा कि निष्काम कर्म के द्वारा भगवत प्राप्ति और मोक्ष मिल सकता है। शास्त्रों में अनन्त कोटि ब्राह्माण्ड की उत्पत्ति में कर्म को ही प्रधान कारण स्वीकार किया गया है। कर्म का फल भोगने के लिए ही जीवों को जन्म, आयु और भोग की प्राप्ति होती है। मनुष्य शरीर साधन धाम है। इसे ज्ञानियों ने मोक्ष का द्वार कहा है, तो किसी ने मुक्ति का सुभग सोपान। आगे स्वामी जी ने कहा भगवान श्रीमन्नारायण ही परम तत्व हैं, परम ज्ञान, परम ब्रह्म, परम ज्योति और परम से भी परम परात्पर हैं। इस संसार में जो कुछ भी देखा सुना जाता है उसके बाहर - भीतर सर्वत्र नारायण ही व्याप्त हैं। इसलिए सदा सर्वदा भगवान का अनन्य भाव से ध्यान, यज्ञ, तप और तीर्थ करना चाहिए।

---

## तिलता चौक सड़क की बदहाल स्थिति





---

**पानी की समस्या से परेशान हैं मोहननगर कालोनी के लोग**

## पत्र के माध्यम से बीडीओ को कराया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** मोहननगर स्थित सौ कालोनी सेंटर के लोगों ने पानी की समस्या को लेकर खलारी बीडीओ को एक पत्र दिया है। खलारी प्रखंड कार्यालय पहुंचे कालोनी के लोगों ने पत्र के माध्यम से बताया कि चुरी मध्य पंचायत के मोहननगर स्थित विद्या विकास केन्द्र विद्यालय में प्रखंड की ओर से बोरिंग कर मोटर पंप द्वारा सौ कालोनी के 80 घरों में पानी की सप्लाई की व्यवस्था बनाई गई है। बताया कि प्रायः इस मोटर में खराबी आ जाती है। जिससे लोगों को पानी नहीं मिल पाता है। इस बार पुनः मोटर खराब हो गया है, जिसके कारण इस मोटर पर आश्रित सभी घरों में पानी की सप्लाई ठप हो गई है। लोगों के समक्ष पानी की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। लोगों ने खलारी बीडीओ से तत्काल पहल कर लोगों की इस समस्या से निजात दिलाने का आग्रह किया है। पत्र देने वालों में पिंटु पांडेय, झामुमो नेता नौशाद आलम, अमजद खान, राजू लोहार, अभिषेक कुमार, राहुल कुमार, नीतीश कुमार, सुमन देवी, नीतू देवी, रीता कुमारी, पार्वती देवी, ज्योति देवी, इंदु देवी, सुनैना देवी सहित अन्य लोग षामिल थे।

> **इस बार पुनः मोटर खराब हो गया है, जिसके कारण इस मोटर पर आश्रित सभी घरों में पानी की सप्लाई ठप हो गई है**

---

**आश्वासन**

**खलारी दौरे पर पहुंचे भाजपा नेता कमलेश राम, स्थानीय समस्याओं से हुए अवगत**

# रूंगटा कंपनी के खिलाफ राजभवन के समक्ष देंगे धरना



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** भाजपा नेता कमलेश राम गुरुवार को खलारी दौरे पर पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की। उनका हाल चाल जाना और उनकी समस्याएं सुनी। लोकसभा चुनाव में खलारी प्रखंड क्षेत्र से भाजपा को भारी जनसमर्थन देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। कमलेश राम को ग्रामीण जनता ने कई स्थानीय जनसमस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने आश्वस्त किया कि ग्रामीणों की समस्याओं को सांसद सह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ से मिलकर उनके निदान का प्रयास करेंगे। साथ ही साथ विभागीय पदाधिकारियों से मिलकर समस्या का समाधान करवाएंगे। इस मौके पर ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि एसीसी सीमेंट कंपनी के मालिक संजय रूंगटा द्वारा स्थानीय लोगों को परेशान किया जा रहा है। बताया कि एसीसी कंपनी का लीज 34 साल पूर्व ही समाप्त हो चुका है। रूंगटा कंपनी स्वयं को एसीसी का उत्तराधिकारी बताते हुए स्वयं को सरकार द्वारा दी गई लीज जमीन का मालिक घोषित किए हुए है। सेवानिवृत कामगारों को कानूनी पेंच में फंसाकर उनका क्वार्टर छीनने की कोशिश कर रहा है। कमलेश राम ने कहा कि कंपनी के तानाशाही के खिलाफ राजभवन के समक्ष जनता के साथ धरना देंगे। इस दौरे में भाजपा कार्यकर्ता विकास दुबे, कार्तिक पांडेय, रामसूरत यादव, दिलीप पासवान, राजू गुप्ता, गणेश महतो, दिनेश गुप्ता, कुलदीप लोहरा, मनोज जायसवाल, पुतुल देवी, पुष्पा खलखो, सत्येन्द्र सिंह, बालचंद साहू, रेणू देवी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

> **ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि एसीसी सीमेंट कंपनी के मालिक संजय रूंगटा द्वारा स्थानीय लोगों को परेशान किया जा रहा है**

---

### जल जीवन मिशन की सभी जलापूर्ति योजनाओं को ससमय पूरा करें : चंपाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन (हर घर जल) ग्रामीण के अंतर्गत छोटी-बड़ी जितनी भी योजनाएं ली गई हैं, उन योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत अवश्य पूरा करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि वैसे सभी घर जहां नल से जल पहुंचाया गया है, समीक्षा करें कि योजना के तहत लगाए गए नलों में जल की उपलब्धता है या नहीं। जल जीवन मिशन के तहत आच्छादित सभी घरों में अनिवार्य रूप से पानी पहुंचे यह सुनिश्चित की जाए। जल जीवन मिशन प्रत्येक घर में नल से जल पहुंचाने निमित्त एक महत्वपूर्ण योजना है। हमारी सरकार पूरी तत्परता के साथ पेयजल समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित सभी जलापूर्ति परियोजनाओं को निर्धारित समय पर पूरा कर राज्य में सुलभ पेयजल उपलब्धता तथा कनेक्शन कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं का संचालन एवं रख-रखाव बेहतर तरीके से हो इस निमित्त विशेष सतर्कता बरतते हुए कार्य करें।

## रिम्स ओपीडी

**ईएनटी और एचएनएस**
डॉ आर के चौधरी
**नेत्र विभाग**
डॉ. एम दीपक लकड़ा
**मनोचिकित्सक**
डॉ अजय कुमार बाखला
**पेडियाट्रिक**
डॉ. यू पी साहू
**चर्म रोग विभाग**
डॉ.(प्रो.) डीके मिश्रा
**गायनी विभाग**
डॉ.(प्रो.) किरन गुड़िया
**मेडिसिन विभाग**
डॉ. ऋषि तुहिन गुड़िया

# आईटीआई बस स्टैंड में नहीं है लाइट की व्यवस्था, लोगों की सुरक्षा खतरे में

मनोज मिश्रा

**रांची।** यूं तो रांची झारखंड की राजधानी है लेकिन इसकी कहानी अजब-गजब है। शायद ही कोई हो जिसका साबका राजधानी के आईटीआई बस स्टैंड से न पड़ा हो। इस बस स्टैंड में सुबह से लेकर देर रात तक वाहनों के आने-जाने का क्रम लगा रहता है। यहां से छत्तीसगढ़ के सभी रूट के लिए बसें मिलती हैं। साथ ही राज्य के गढ़वा, गुमला, लोहरदगा, चतरा, खलारी आदि के लिए भी बसें मिलती हैं। इस स्टैंड में रात बारह बजे तक बसों का परिचालन होता है लेकिन शाम होते ही यहां अंधकार का साम्राज्य कायम हो जाता है। इस समय स्टैंड में रोशनी का एकमात्र स्रोत दुकानों की लाइटें होती है। बताया जाता है कि 2005-06 में यहां टावर लाइट लगाया गया था लेकिन वह 15 दिन में ही खराब हो गया। तब से लेकर आज तक आईटीआई बस स्टैंड में रोशनी की व्यवस्था नहीं की गई। बस स्टैंड में शौचालय तो है लेकिन गंदगी के कारण कोई इसका इस्तेमाल नहीं करता। वहीं स्टैंड में हर ओर कूड़े का अंबार देखने को मिलता है। आईटीआई बस स्टैंड के सड़कों के किनारे स्ट्रीट लाइट की भी व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में यहां से यात्रा करने वाले अपने सामान और खुद की सुरक्षा के लिए पूरी तरह बस के स्टॉफ पर निर्भर हैं। कुछ यात्रियों ने तो यहां तक कहा कि नगर निगम इतना लापरवाह आखिर कैसे हो सकता है? उसे न लोगों के जान माल की कोई चिंता है न ही मौलिक नागरिक सुविधा की। राजधानी का नगर निगम और इतना असंवेदनशील?




## नगर निगम प्रशासक ने कहा कहीं नहीं है अवैध बस स्टैंड : अमित कुमार



**रांची।** नगर निगम प्रशासक अमित कुमार ने कहा कि बिरसा मुंडा बस टर्मिनल खादगढ़ा में पुरानी और जली बसें अगर रखी हुई है और इन बसों से पड़ाव शुल्क नगर निगम को मिल रहा है तो इसमें कोई समस्या नहीं है। अगर पड़ाव शुल्क नहीं मिलता है तो करवाई की जाएगी। राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता के यह पूछे जाने पर की खेलगांव, बूटी मोड़, पटेल चौक, घोष पेट्रोल पंप, आदि स्थानों पर अवैध बस स्टैंड चल रहा है तो उन्होंने कहा कि उसे अवैध बस स्टैंड नहीं कहेंगे। बसों की अवैध पार्किंग कहेंगे जिसका संज्ञान ट्रैफिक पुलिस को लेना चाहिए और उचित करवाई करनी चाहिए।

## नाबालिक के साथ गैंग रेप में पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

**रांची।** ओरमांझी में हुए नाबालिक के साथ गैंग रेप मामले में रांची पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। ब्लाइंड केस को सुलझाते हुए घटना में शामिल दो आरोपियों को ओरमांझी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना 19 जून को ओरमांझी थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम आनंदी नयाटोली में नाबालिक को अपहरण कर गैंग रेप किया गया था।

## न्यूज बॉक्स

### पूर्वोत्तर भारत में संत जेवियर्स महाविद्यालय रांची बेस्ट कॉलेज की श्रेणी में




**रांची ।** इंडिया टुडे के वार्षिक रैंकिंग सर्वे 2024 के अनुसार पूर्वोत्तर भारत में संत जेवियर्स कॉलेज रांची उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेस्ट कॉलेज की श्रेणियों स्थान पाया है संकायवार आर्ट्स और कॉमर्स में भारत की पूर्वी क्षेत्रवार कॉलेजों में दूसरा स्थान हासिल किया है वहीँ पूरे भारत के कॉलेज रैंकिंग में संत जेवियर्स ने कला संकाय में 34वां स्थान, विज्ञान संकाय में 74वां और वाणिज्य संकाय में 37वां स्थान प्राप्त किया है प्रोफेशनल कोर्स बीबीए भी पुरे भारत में 32वां स्थान लाया है उक्त जानकारी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर एन. लकड़ा, एसजे व उप- प्राचार्य डॉ. रोबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे ने संयुक्त रूप से बताया कि हमारा निरंतर प्रयास रहा है कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यहाँ के छात्र हर सेक्टर में अपना परचम लहराएँ और कॉलेज का मान-सम्मान स्थापित करें यह उपलब्धि पूरी कॉलेज मैनेजमेंट, शिक्षक-शिक्षेत्तकर कर्मचारियों व विद्यार्थियों के प्रयास से संभव हो पाया है

### मक्का से कोलकाता लौटे 800 हाजियों का जत्था जामताड़ा विधायक ने किया इस्तकबाल



**रांची।** मक्का मदीना से लगभग 800 हाजियों का अंतिम जत्था गुरुवार को कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचा। इस अवसर पर विधायक इरफान अंसारी और अरसे आलम एयरपोर्ट पहुंचे और हाजियों का इस्तकबाल किया। उपस्थित सभी हाजियों के चेहरे पर अपने वतन पहुंचने की खुशी साफ झलक रही थी। हाजियों ने अगवानी कर रहे विधायक और आलम को गले लगाया और बेहतर और दुरुस्त इंतजाम के लिए ढेर सारा शुक्रिया दिया। हाजियों ने कहा कि आपके नेतृत्व में हम सभी लोग बेहतर ढंग से और सुविधा से हज करने गए और आज सकुशल अपने वतन लौट रहे हैं। हम सभी लोग आपको दिल से दुआ देते हैं। आपने सिर्फ झारखंडी नहीं बल्कि पूरे देश में अपनी एक अलग पहचान बनाने का काम किया है। हम सभी लोगों की दुआएं आपके साथ है। विधायक ने कहा है कि मैं बहुत जल्द झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से मिलकर अगले साल जाने वाले हाजियों के लिए और भी बेहतर से बेहतर इंतजाम करने को लेकर वार्ता करूंगा ताकि हमारे हज यात्रियों को किसी प्रकार का कष्ट ना हो। अंसारी ने सभी हाजियों का शुक्रिया किया जिन्होंने देश के लिए अमन चैन एवं भाईचारगी की दुआ की। यही हमारे देश हिंदुस्तान की खूबसूरती है जो सभी धर्म एवं संप्रदाय के लोगों को जोड़कर रखने का काम कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में हाजियों को और भी बेहतर सुविधा दिलाने का काम करूंगा।

### पासवा ने मुख्यमंत्री को प्रतिभा सम्मान समारोह में किया आमंत्रित

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को दो जुलाई को खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल में पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि पासवा राज्य से जैक, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड के 10वीं तथा 12वीं कक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण हुए 15 हजार मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करेगा।

### डोरंडा में जमीन विवाद को लेकर हुई फायरिंग मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** डोरंडा में जमीन विवाद को लेकर फायरिंग मामले में पुलिस ने गुरुवार को चार आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित में आजम अहमद, रोशन तस्लीम आफताब आलम और निजार अख्तर का नाम शामिल है। मामले में पूछताछ की जा रही है। वहीं दो लाइसेंसी राइफल बरामद किया गया है। जमीन विवाद में डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित धोबी मोहल्ला में बुधवार देर शाम ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। सूचना मिलने के बाद डोरंडा पुलिस और हटिया डीएसपी समेत पुलिस अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे और स्थिति को सामान्य किया। पुलिस का कहना है कि जावेद और अली के गुट के बीच पिछले कई साल से जमीन का विवाद चल रहा है।

### रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक चार जुलाई को

**रांची।** पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 14वीं बैठक चार जुलाई को रांची में होगी। इसमें स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में लिये गये निर्णय और प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जायेगा। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को इस संबंध में प्रस्ताव भेज दिया है। बैठक में पुलिस आधुनिकीकरण, आतंकवाद, नक्सल, सीमावर्ती समस्याएं, पानी, मत्स्य, शिक्षा, मिड डे मील, वाटर हार्वेस्टिंग और हरित क्रांति आदि मुद्दों पर एक राज्य दूसरे राज्य को किस तरह से सहयोग करेंगे, इस पर चर्चा होगी। बैठक में यदि किसी राज्य को दूसरे राज्य से किसी तरह की मतभिन्नता होगी तो उसका निराकरण करने की कोशिश की जायेगी। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक रांची में हो रही है, इसलिए यहां के संबंधित विभागों के सचिव और इनसे उच्च स्तर के अधिकारी बैठक में आमंत्रित सदस्य के तौर पर शामिल होंगे।

## अल्पसंख्यक आयोग में आये सभी मामलों का शत प्रतिशत हुआ निष्पादन : खान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने गुरुवार को समिक्षा बैठक के तहत संवाददाताओं से बातचीत कर बताया है आयोग में अब तक 300 से अधिक मामला आया है जिसमें सभी का निष्पादन किया जा चुका है। आगामी विधान सभा चुनाव से पहले विगत दो माह के अंतराल में ही अल्पसंख्यकों सभी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आधारभूत संरचना तैयार कर दिया जाएगा। अल्पसंख्यक आयोग द्वारा सभी अल्पसंख्यकों के लिए कई योजनाएं वर्तमान में संचालित है। सभी योजनाओं से लाभांवित लोगो संस्थानों की जानकारी के लिए विड्डागो तथा सभी जिलों से रिपोर्ट्स को मंगाया गया है। इन रिपोर्ट्स की समिक्षा कर आंकड़ा तैयार की जाना है। इसमें कई विभागो से रिपोर्ट अब भी आना बाकी है। कुछ दिनों से सभी रिपोर्ट जमा करने के लिए विभागो को कहा गया है। संभवत 2 महीने के अंदर सभी जिलों से रिपोर्ट लेकर जवाब तलब किया जाएगा। वहीं कल्याण विभाग की ओर से सत प्रतिशत रिपोर्ट जमा हुआ है।

# पुलिस ने नशे के 155 कारोबारियों को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची पुलिस ने वर्ष 2024 में अबतक नशे के कारोबार में संलिप्त 155 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान अफीम, डोडा, ब्राउन शुगर, गांजा काफी मात्रा में बरामद किया है। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को बताया कि रांची पुलिस के जरिये विभिन्न थाना क्षेत्रों के सुदूरवर्ती जंगली एवं दूर्गम क्षेत्रो में अफीम की अवैध फसल को न केवल नष्ट किया गया है। बल्कि विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुए कई मामले भी दर्ज किये है। अबतक विभिन्न थाना क्षेत्र में 53 स्थानों पर सैकड़ो एकड़ में की जा रही अफीम की अवैध खेती को नष्ट करते हुए नौ मामले दर्ज किये गये है, जिसमें एक आरोपित की गिरफ्तारी की गई है। इस संबंध में अन्य एजेंसी से समन्वय स्थापित करते हुए अफीम की अवैध खेती का सेटेलाईट ईमेज प्राप्त कर अफीम की खेती वाले हॉट स्पॉट स्थलों को चिन्हित कर कार्रवाई की गयी है। आरोपितों के खिलाफ गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है । इस पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने एवं विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि बैकवर्ड लिंकेज और फॉरवर्ड लिकेज (संलिप्त गंतव्य स्थल तथा अवैध व्यापार में संलिप्त व्यक्तियों )को न केवल झारखंड राज्य बल्कि अन्य राज्यों (राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, बिहार) में चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है। अबतक रांची पुलिस द्वारा कुल 13.57 किलोग्राम तैयार अफीम बरामद करते हुए 10 मामले दर्ज किये है जिसमें 15 आरोपितों की गिरफ्तारी की गई है। शेष बचे आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि वर्ष 2024 में अबतक अफीम डोडा के अवैधऔर अंतर्राज्यीय व्यापार नेटवर्क को भी ध्वस्त करने में तथा उसके विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई करने में रांची पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। इस क्रम में अबतक 13631 किलोग्राम अफीम डोडा बरामद किया गया है। इस मामले में 10 काण्ड दर्ज किया गया है और इसमें शामिल 14 आरोपितों को गिरफ्तार करते हुए कुल 10 मालवाहक वाहन जब्त किये गये है। अफीम डोडा के व्यापार में संलिप्त गंतव्य स्थल तथा अवैध व्यापार में संलिप्त व्यक्तियों के अंतर्राज्यीय नेटवर्क को चिन्हित किया गया और इस दिशा में विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि पुलिस ने गांजा के अवैध तस्करी, परिवहन, व्यापार के विरूद्ध भी कठोरतम कार्रवाई करते हुए वर्ष 2024 में अबतक 571.121 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इस मामले में 22 काण्ड विभिन्न थानों में दर्ज कर 33 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। शेष बचे आरोपितों के के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। यहां तक की स्थानीय स्तर पर अवैध रूप से छोटे पैमाने पर खरीद-बिक्री के व्यापार में संलिप्त अपराधकर्मियों के विरूद्ध भी छापेमारी करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। एसएसपी ने बताया कि हाल के दिनों में रांची शहर और आसपास के क्षेत्रों में नशे के कारोबार में संलिप्त नेटवर्क को चिन्हित करते हुए ब्राउन शुगर के भण्डारण, खरीद-बिक्री एवं तस्करी के रोकथाम की दिशा में रांची पुलिस के जरिये सार्थक, कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई की गई है।



## पतंजलि आईएएस अकादमी के निदेशक पर जानलेवा हमला

**रांची।** पतंजलि आईएएस अकादमी के निदेशक पर जानलेवा हमला करने का मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में संचालक संजय तिवारी ने लालपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। संजय तिवारी ने अपने संस्थान में पढ़ा रहे शिक्षक नवनीत निरंजन पर जानलेवा हमला का आरोप लगाया है। दर्ज शिकायत में कहा गया है कि यह घटना 26 जून की रात 10 बजे की है। संस्थान के निदेशक ने बताया कि नवनीत रंजन ने नशे की हालत में उनके साथ हाथापाई की। साथ ही जान से मारने की धमकी दी और उनके साथ गाली- गलौज की। इस दौरान तिवारी किसी तरह से उससे पीछा छुड़ाकर भागा और लालपुर थाना में जाकर आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी। लालपुर थाना प्रभारी आदिकांत महतो ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चैंबर ने नगर आयुक्त से की मुलाकात कई विषयों पर हुई वार्ता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
चैंबर महासचिव परेश गट्टानी के नेतृत्व में चैंबर प्रतिनिधिमण्डल ने नगर आयुक्त अमित कुमार से मुलाकात कर, नागरिक सुविधा से जुडे बिंदुओं पर चर्चा की। अपर बाजार क्षेत्र के रंगरेज गली और पेपर मार्केट गली को अतिक्रमण मुक्त करने के प्रयास के लिए प्रतिनिधिण्डल ने नगर आयुक्त के प्रति आभार जताते हुए इस क्षेत्र में महिला शौचालय के निर्माण की आवश्यकता बताई। यह कहा गया कि इस क्षेत्र में अधिकांश दुकानों में महिलाओं से जुडे उत्पादों की बिक्री होती है, जिस कारण महिलाओं का अत्यधिक आवागमन होता है। चैंबर ने बाजार टांड के इलाके में भी शौचालय निर्माण को जरूरी बताया, जिसपर नगर आयुक्त ने आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही सिटी मैनेजर द्वारा इलाके में जाकर, शौचालय निर्माण के लिए उचित जगह चिन्हित किया जायेगा। बडा तालाब स्थित आसपास के इलाकों में बरसात के समय जल-जमाव होने की आशंका पर सह सचिव शैलेष अग्रवाल और अमित शर्मा ने नागरिकों की शिकायतों से नगर आयुक्त को अवगत कराया। कहा गया कि बरसात से पूर्व नालियों की मरम्मती करना आवश्यक है।

# यूजी व पीजी पाठ्यक्रम : समीक्षा व सुधार के लिए बोर्ड ऑफ स्टडीज की हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के आलोक में मारवाड़ी महाविद्यालय, रांची के अर्थशास्त्र विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के समीक्षा एवं सुधार के लिए बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में हुई । कार्यक्रम में एक्सटर्नल के तौर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, अर्थशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रेखा झा , राँची विश्वविद्यालय, राँची स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ ज्योति प्रकाश तथा सिद्धू-कान्हू विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रीना नीलिमा लकड़ा शामिल हुई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती अंजु पुष्पा बा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत की और उपस्थित सभी सदस्यों का उनसे परिचय कराई। तत्पश्चात विभाग के सहायक प्राध्यापक जय प्रकाश रजक द्वारा महाविद्यालय में लागू स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का बारी-बारी से परिचय कराया गया। इसके अंतर्गत विभिन्न सेमेस्टर में पढ़ाए जाने वाले पत्रों,उनके विभिन्न इकाइयों में शामिल अध्याय एवं? मॉड्यूल्स, परीक्षा पैटर्न, क्रेडिट सिस्टम आदि की जानकारी दी गई। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापिका डॉ बसंती रेणु हेंब्रम ने स्नातक के वर्तमान पाठ्यक्रम और उससे संबंधित शिक्षकों, छात्र-छात्राओं तथा माता-पिता के फिड-बैक पर आधारित प्रतिवेदन प्रस्तुत की। ऐसा ही प्रतिवेदन स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रम के संदर्भ में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ राजन कुमार झा द्वारा प्रस्तुत किया गया। आवश्यक मध्यांतर के साथ प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक चले इस बैठक में शामिल विशेषज्ञ शिक्षकों ने पाठ्यक्रम के एक-एक पंक्ति को पढ़ -समझकर, शिक्षकों-शिक्षार्थियों के कठिनाई के स्तर, अधिगम प्रतिफल और समय की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए चर्चा-परिचर्चा की तथा बहुमूल्य सुझाव दिए।

# बिजली महंगी होने के बावजूद पावरकट जारी, कभी लोड बढ़ने तो कभी लोकल फॉल्ट का बहाना : चैंबर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी समिति की बैठक अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में होटल ग्रीन होराइजन में संपन्न हुई। राज्य की विधि व्यवस्था की स्थिति पर सदस्यों ने चिंता जताते हुए इसे राज्य के विकास के लिए बाधक बताया। कहा गया रोजाना चोरी, छिनतई, डकैती, हत्या और धमकी जैसी अप्रिय घटनाओं से उद्यमी और व्यापारी हतोत्साहित और आमजन भयभीत हैं। राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में ऐसी घटनाएं हो रही हैं। प्रशासन की तत्परता के बावजूद अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने माननीय मुख्यमंत्री और डीजीपी से इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए ठोस कार्रवाई की मांग की। यह कहा कि राज्य की विधि व्यवस्था की नये सिरे से समीक्षा की जाय। बैठक में गुमला चैंबर के पदाधिकारियों ने जिले में सिक्के की समस्या तो खूंटी के व्यापारियों ने जिले में उद्योगों की स्थापना के लिए इंडस्ट्रीयल एरिया स्थापित कराने की मांग की। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने अवगत कराया कि चैंबर के सुझाव पर जियाडा द्वारा गुमला, सिमडेगा, डाल्टनगंज और खूंटी में औद्योगिक क्षेत्र भूमि उपलब्ध कराने के लिए जिले के उपायुक्त को पत्र निर्गत कर दिया गया है। स्टार्टअप उद्यमियों के प्रोत्साहन हेतु चैंबर द्वारा 6 जुलाई को आर्यभट्ट सभागार में आयोजित किये जा रहे स्टार्टअप कॉन्कलेव में उन्होंने राज्य के युवा उद्यमियों को शामिल होने की अपील की। मौके पर चैंबर के पूर्व अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से कॉन्कलेव का पोस्टर लांच किया गया। भवन नियमितीकरण योजना को जल्द प्रभावी करने की आवश्यकता बताते हुए सदस्यों ने इस मामले में चैंबर अध्यक्ष से हस्तक्षेप का आग्रह किया जिसपर उन्होंने हरसंभव प्रयास के लिए आश्वस्त किया।

## पहली महिला पत्रकार की जयंती पर निशुल्क नेत्र जांच और रक्तदान शिविर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड की पहली महिला पत्रकार सह संपादक रही सुधा सिन्हा की जयंती पर सुधा और अरमान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट एवं इंडियन स्कूल का मार्शल आर्ट के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर, निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वाईएमसीए परिसर में फलदार पौधों के पौधारोपण से किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुधा और अरमान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष शुभ नारायण दत्त ने बताया कि स्वर्गीय सुधा सिन्हा रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने को लेकर बेहद सक्रिय रहती थी। इसी कारण उनकी स्मृति में रक्तदान शिविर सच्ची श्रद्धांजलि होगी। रांची प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन ने अपने संबोधन में कहा, रक्तदान बेहद आवश्यक जिम्मेदारी है। समाज में हम सभी को कभी ना कभी किसी मरीज के लिए अपने परिवार या पड़ोस में खून की जरूरत पड़ती है। महासचिव अमरकांत ने स्वयं भी रक्तदान किया एवं अपने संबोधन में रक्तदान को इंसानियत का सबसे मुख्य धर्म बताया। वाईएमसीए महासचिव चोन्हास कुजूर ने आधुनिक समय में बच्चों में आंखों की रोशनी की कमी को बेहद चिंताजनक बताया और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया।



## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊजोवान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर, की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

## एक नजर

### सैकड़ों एकड़ जमीन पर किसानों ने की आम की बागवानी

**पतरातू।** बिरसा हरित ग्राम योजना से पतरातू प्रखंड क्षेत्र में सैकड़ों एकड़ जमीन पर आम बागवानी की। साथ ही आम बागवानी के साथ मिश्रित खेती कर किसान लाभान्वित हो रहे हैं। जानकारी देते हुए बीपीओ विजय कुमार ने बताया कि किसानों ने अब तक पतरातू प्रखंड क्षेत्र में 660.50 एकड़ में आम बागवानी किया है। इसमें सत्र 2019-20 से लेकर 2024 -25 में प्रखंड के 21 पंचायतों में आम बागवानी किया गया है। जिसमें बलकुदरा पंचायत में 9 एकड़, बारीडीह में 69 एकड़, बीचा में 80.50 एकड़ जमीन पर आम बागवानी की गई है। जबकि चकोर में 25 एकड़ देवरिया बस्ती में 35.50 एकड़, डूडगी में 7.50 एकड़, हफुआ में 17 एकड़, हरिहरपुर में 35.50 एकड़, जयनगर में तीन एकड़, कंडेर में 21.50 एकड़, पालू में 84.50 एकड़, सांकी में 78 एकड़, सांकुल में 2.50 एकड़, तालाटांड में 36 एकड़ और तेलियातू में 14 एकड़ जमीन पर आम बागवानी की गई है। जिससे किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

### पतरातू प्रखंड क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौनी से उपभोक्ता परेशान

**पतरातू।** पतरातू प्रखंड क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौनी होना आम बात हो गई है। जिससे बिजली उपभोक्ता काफी परेशान रहते हैं। इसके पीछे कभी-कभी बिजली का तार गिरना, खराब बिजली ट्रांसफार्मर को उतारने और अच्छे बिजली ट्रांसफार्मर को बदलने, इंसुलेटर पंचर होना, कभी जम्मफर कटना तो कभी ट्रांसफार्मर में फ्यूज उड़ना आदि समस्या आड़े आती है। साथ ही सप्लाई लाइन में त्रुटि होने के साथ-साथ निमार्णाधीन पीवीयूएनएल प्लांट में काम होने आदि को लेकर विभिन्न कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा लगभग सभी क्षेत्र में वैसे जगह पर बिजली पोल गाड़ दी गई है। जहां पर पहले से ही पेड़ पौधे लगे हुए या फिर जहां पर बिजली पोल गड़ा हुआ है, उन जगहों पर पेड़ पौधे लगा दिए गए। जिसके कारण हल्की आंधी या जोर का हवा चलने के बाद बिजली तारों पर टहनियां टूट कर गिर जाती है और बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है।

### कोयला मजदूरों की अनवरत सेवा का संकल्प दोहराया

**रामगढ़ / कुजू।** इंटक फेडरेशन अध्यक्ष कुमार जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह व राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कुजू क्षेत्रीय सचिव राजकुमार ठाकुर के नेतृत्व में किए जा रहे मजदूर कार्य से प्रभावित होकर कई एक लोगों ने गुरुवार को यूनियन की सदस्यता ग्रहण किया। इसमें जनता मजदूर संघ के करमा शाखा अध्यक्ष ललन यादव, सारूबेड़ा शाखा अध्यक्ष राजेश यादव, कुजू जीएम यूनिट के संगठन मंत्री रोहन महतो, अशोक साहू, चेतलाल महतो व गौतम सिंह शामिल हैं। इन लोगों ने आरसीएमयू की सदस्यता अपने समर्थकों के साथ ग्रहण करते हुए कोयला मजदूरों की सेवा का संकल्प दोहराया। साथ ही एक स्वर में आवाज को बुलंद करते हुए कहा गया कि कोलियरी का राष्ट्रीयकरण स्वर्गीय इंदिरा गांधी की देन है।

नशा मुक्त जीवन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

# नशा मुक्त जीवन अच्छे और स्वस्थ समाज की आधारशिला : डॉ. प्रकाश

◆कक्षा दशम की पलक कुमारी ने अपने भाषण में बताया कि नशा मनुष्य को खोखला कर देता है




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** गुरुवार को डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में नशा मुक्त जीवन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत बच्चों ने गीत संगीत ,भाषण ,निबंध लेखन, नाटक, पथ संचलन आदि के माध्यम से समाज को नशा से होने वाले दुर्गुणों से सावधान किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में अतिथि के तौर पर डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी, बरही थाना के सब इंस्पेक्टर शिवम गुप्ता, नरेश कुमार पांडे, सुधीर चौधरी, बरही सद्भावना मंच के राज सिंह चौहान, स्कूल के एलएमसी सदस्य निजामुद्दीन अंसारी, रमेश ठाकुर, इंद्रदेव यादव आदि की महत्वपूर्ण उपस्थित रही ।कार्यक्रम की शुरूआत संगीत शिक्षक दीपक कुमार के द्वारा नशा मुक्त जीवन पर आधारित गीत से किया गया। जिसमें बच्चों ने नशा से होने वाले दुगुर्णों का वर्णन किया और इससे मुक्त होकर जीवन कैसे जिया जाता है इसके बारे में बताया। कक्षा दशम की पलक कुमारी ने अपने भाषण में बताया कि नशा मनुष्य को खोखला कर देता है। जो पूरे घर संसार को धीरे-धीरे नष्ट कर देता है। अमित कुमार और प्रदीप गोराइ ने बच्चों से नाटक के माध्यम से यह दिखाया कि किस प्रकार नशा को न बोलकर हम अपने जीवन में स्वस्थ जीवन अपनाते हुए आगे बढ़ सकते हैं। जिससे एक स्वस्थ जीवन और एक अच्छे समाज की आधारशिला रखी जा सकती है। अपने अतिथि भाषण में डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि नशीले पदार्थ मनुष्य को मानसिक और शारीरिक तौर पर गुलाम बना देते हैं । इसलिए हमें इन सब चीजों से दूर रहते हुए अपने समाज को भी दूर रखना है। एलएमसी सदस्य रमेश ठाकुर जी ने कहा कि नशा मुक्त हो समाज हमारा यही संकल्प हमें लेना है। बरही थाना के सब इंस्पेक्टर शिवम गुप्ता जी ने कहा कि बच्चों को अपने घर के साथ-साथ अपने आसपास के लोगों को भी जागरुक करते हुए उन्हें नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है।

पूर्व विधायक के प्रयास से पड़ीरमा में बिजली हुई बहाल

# जनता की सेवा करना ही हमारा धर्म है : पूर्व विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** बीते कुछ दिनों से पंचमाधव उर्फ बसरिया पंचायत के पड़ीरमा गांव में ट्रांसफार्मर जल जाने से बिजली गुल थी. इसकी सूचना मिलती ही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर 100 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया. बुधवार को फीता काटकर ट्रांसफार्मर की शुरूआत कर गांव में एक बार फिर से बिजली बहाल किया. इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण और उनके कार्यकर्ता मौजूद थे. पूर्व विधायक ने कहा कि जनता सेवा उनका जीवन धर्म बन चुका है. उनका हर एक पल जनसेवा के लिए समर्पित है. जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ करवाने का सतत प्रयास रहता है. बिजली बहाल हो जाने से ग्रामीण खुश थे और अपने पूर्व विधायक को यशोगान कर रहे थे. उद्घाटन के इस वेला में। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, कामेश्वर रविदास, युवा सुधीर यादव, भीम यादव, इंद्रदेव यादव, रोहित यादव, नितीश यादव सिकंदर यादव, लोकेश यादव, शम्भू यादव, रंजीत यादव, रविंद्र यादव विजय यादव, ब्रह्मदेव यादव, इंद्रदेव यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे.

## न्यूज बॉक्स

### धार्मिक अनुष्ठान के बीच अखंड हरिकीर्तन संपन्न



**रामगढ़ ।** सेवटा स्थित हनुमान मंदिर की 12वीं वर्षगांठ को लेकर आयोजित अखंड हरिकीर्तन धार्मिक अनुष्ठान के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान आचार्य विकाश कुमार पांडेय, मंदिर के पुजारी अयोध्या पांडेय, सुबोध पांडेय, सुनील पांडेय ने यजमान बने समाजसेवी नरेश प्रसाद साहू एवं पत्नी कौशल्या देवी को विधिवित पूजा अर्चना कराया गया। इससे पूर्व अखंड दीप को गाजे - बाजे के साथ प्राचीन देवी मंडप लाया गया। बाद में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। मौके पर परमेश्वर साहू, भीम प्रसाद साहू, लखन प्रसाद, दिनेश प्रसाद, जयराम साहू, प्रभु प्रसाद, संदीप प्रसाद, अशोक प्रसाद, सुबोध प्रसाद, अशोक प्रसाद, अंकुश प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, त्रिलोकी प्रसाद, विनोद प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार, अरुण प्रसाद, उज्जवल प्रसाद, विशेश्वर प्रसाद, राजेश्वर प्रसाद सहित अन्य मौजूद थे ।

### गाय पहाड़ी में महिला को सांप ने डंसा, स्थिति खतरे से बाहर



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गायपहाड़ी निवासी गणेशी देवी, पति तुलसी यादव को सांप ने डंस लिया। सांप डसने के बाद परिजनों को जैसे ही पता चला तो आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसकी जानकारी रात्रि करीब 9 बजे जिप सदस्य कुमकुम देवी को मिली तो वह सदर अस्पताल पहुंची तथा पीड़ित परिवार मुलाकात की। जहां डॉक्टरों ने बताया की स्थिति खतरे से बाहर है। इस दौरान जिप सदस्य कुमकुम ने कहा कि बरसात के समय अधिक जहरीली जंतु निकलते हैं। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतनी होगी। अगर जहरीली जंतु किसी को काट ले तो उसे झाड़फुक न कराकर फौरन अस्पताल लायें ताकि उचित इलाज हो सके।

### सारूबेड़ा में पंडित रमाशंकर पांडे का इलाज के क्रम में हुआ निधन



**रामगढ़।** कोयलांचल क्षेत्र के प्रकांड विद्वान, वेदों के ज्ञाता, रुद्राभिषेक के विशेषज्ञ, धर्मकांड कर्मकांड के प्रकांड विद्वान एवं 50 वर्षों से कोयलांचल क्षेत्र के सारूबेड़ा बाजार टांड, सारूबेड़ा कॉलोनी के शिव मंदिर एवं हनुमान मंदिर के पुजारी आचार्य पंडित रमाशंकर पांडे का गुरुवार को रांची के वेदांता अस्पताल में सुबह 7:00 इलाज के दौरान निधन हो गया। 50 वर्षों से कोयलांचल क्षेत्र में रहकर विभिन्न मंदिरों में पुजारी के रूप में भक्तों के बीच पूजा अर्चना करने को लेकर अपनी सेवाएं देते चले आ रहे थे। 84 वर्ष की उम्र में भी वर्तमान में हनुमान मंदिर में पुजारी के रूप मे अपनी सेवा दे रहे थे। उनके निधन पर समाज सेवी कुमार महेश सिंह ने कहा कि पंडित रमाशंकर पांडे अब हम लोगों के बीच नहीं रहे। लेकिन उनकी कमी कोयलांचल वासियों को खलेगी।

### परेशानी का सबब बना नयामोड़ से ओरला तक की हीरक सड़क

**कुजू।** कुजू नयामोड़ चौक से सीसीएल कुजू क्षेत्र के सेल्स कार्यालय के आगे, रेलवे ओवरब्रीज व ओरला मोड़ तक की हीरक सड़क लोगों के लिए यातायात की सुविधा के लिए कम परेशानी का सबब बनकर रह गया है। इस सड़क से होकर गुजरने वाले दोपहिया से लेकर बीस चक्का मालवाहक ट्रक व यात्रियों को ढोने वाले बसों छोटे वाहनों को काफी परेशनी का सामना करना पड़ रहा है। यहां से कोडरमा-रांची रेल लाईन के गुजरने के कारण इस अति विशिष्ट सड़क को काटकर नीचे से रेल पटरी बिछाई गई। वहीं कुजू जीएम कार्यालय के आगे काटे गए सड़क पर ओवरब्रीज बनाकर सड़क पर यातायात को सुचारू बनाने के लिए आमजनता को सुपूर्द किया गया। सड़क बनने के बाद से ही यहां की सड़क लगातार जर्जर होती चली गई। इस अति महत्वपूर्ण सड़क से क्षेत्र के गिद्दी, गिद्दी सी, रेलीगढ़ा, सयाल, सौंदा, भुरकुंडा, उरीमारी, बिरसा समेत तोपा-पिंडरा कोलियरी से कोयले की दूसरे राज्यों व जिले भेजने के लिए मालवाहक वाहनों की पूरे दिन रात आवाजाही लगी रहती है।

रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह संपन्न

# विद्यार्थी सकारात्मक ऊर्जा के साथ लक्ष्य प्राप्त करें : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में मंगलवार को शैक्षणिक सत्र 2021-24 के सेमेस्टर छह के विद्यार्थियों के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ बिमल किशोर ने फीता काटकर किया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी सहित सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी शामिल थे. विद्यार्थियों को अग्रेतर शुभकामनाएं देते हुए प्राचार्य ने ने कहा कि विदाई एक मार्मिक क्षण है. परंतु विधि का विधान है, इसे पालन करना ही पड़ता है. अध्यप्पक और विद्यार्थियों के बीच बने संबंध आजीवन होते है, जिसे चाहकर भी नही भुलाया जा सकता है. जब विद्यार्थी अपने लक्ष्य की प्राप्ति करता है तो सबसे अधिक प्रसन्न शिक्षक को ही होती हैं. उन्होंने कहा कि यह समय आप सभी विद्यार्थियों को अपने कैरियर संवारने का है. नकरात्मक ऊर्जा को त्यागकर सकारात्मक ऊर्जा लगाकर लक्ष्य प्राप्त करें. खुद को प्रतियोगी और सफल बनाने के प्रयास हो जिससे आपके साथ महाविद्यालय सहित घर परिवार का नाम रौशन हो. कार्यक्रम को महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापको ने भी संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को कैरियर टिप्स दिए. इस दौरान विद्यार्थियों ने आकर्षक नृत्य, संगीत और नाट्य मंच की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. कार्यक्रम में डॉ. अरुणा रानी, डॉ. संजय बर्णवाल, डॉ. अजय रविदास, डॉ गिरधारी गोप, डॉ. ए.के. रामानुज, डॉ नय्यर इकबाल, डॉ अजय प्रताप सिंह, डॉ बी.डी. मोदी, डॉ सरिता सिन्हा आदि विभागाध्यक्ष को बुके और उपहार के साथ सम्मानित किया गया. कार्यक्रम सफल बनाने में महाविद्यालय के छात्र, छात्राएं सहित शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियो ने महत्ती भूमिका निभाई. कार्यक्रम में सूरज कुमार पांडेय, सैनिता कुमारी, सुरभी कुमारी, फैयाज अहमद, स्नेहा कुमारी, अभिषेक कुमार रवानी आदि कई लोग उपस्थित थे.

### अधिकारियों को घेरकर ट्रैक्टर छुड़ा ले जाने वालों पर मामला दर्ज

**गिद्दी।** वन अधिकारियों को घेरकर मंगलवार की रात में अवैध कोयला लदे ट्रैक्टर छुड़ा ले जाने के मामले में बुधवार को देर शाम में गिद्दी थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। बड़कागांव प्रभारी वनपाल एके यादव के लिखित शिकायत पर कांड संख्या 45/24 के तहत गिद्दी थाना में मामला दर्ज किया गया है। जिसमें कहा है कि 25 जून को शाम में लगभग 6 बजे गुप्त सूचना के आधार पर बड़कागांव वन प्रक्षेत्र के गश्ती दल के साथ केशव महतो, महेश दास, मृणाल भास्कर, जगरनाथ रजवार, कृष्णा महतो सभी वनरक्षी सेहदा वन पहुंचे। वहां देखा कि कुछ ट्रैक्टर में अवैध कोयला लोड किया जा रहा है। जो गश्ती दल को अपनी ओर आते देख भागने लगे। जिसका पीछा करते हुए कुर्रा में जाकर 5 ट्रैक्टरों को पकड़ लिया। जिसमें अवैध पत्थर कोयला लोड था। इसके बाद जैसे वे लोग ट्रैक्टर को लेकर आगे बढ़े ग्रामीण जुटने लगे और महिला पुरुषों ने ट्रैक्टर ले जाने से रोकने लगे। यह देखकर वे लोग सुरक्षा के मद्देनजर नजदीकी वन प्रक्षेत्र के वनरक्षी को बुलाकर गिद्दी थाना पुलिस को सूचित किया।

### सर्वसम्मति से कई मतदान केंद्र बदलने का प्रस्ताव पारित



**दारू।** प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ हारून रशीद ने सभी रजनीतिक दलों के साथ बैठक की. विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान केंद्र मतदाताओं की समस्या पर विचार विमर्श किया. तीन विधानसभा क्षेत्र हजारीबाग, मांडू और बरकट्ठा के प्रतिनिधियों ने कई मतदान केंद्र भवन जर्जर की बात उठायी. कई मतदान केंद्र को दूसरे भवन में बदलने का प्रस्ताव पारित हुआ. हजारीबाग विस के मतदान केंद्र संख्या 482 सामुदायिक भवन इरगा को मतदान केंद्र बनाने का प्रस्ताव लिया गया.मतदान केंद्र संख्या 485 प्राथमिक विद्यालय पिपचो पुराना भवन को आंगनबाड़ी केंद्र पिपचो, मतदान केंद्र संख्या 465 9 नव सृजित प्राथमिक विद्यालय तिलैया पश्चिम भाग को आंगनबाड़ी केंद्रक गोपलो मांडू विस के बूथ-3 प्राथमिक विद्यालय रचंगा उत्तरी भागको प्राथमिक विद्यालय रचगा का नया भवन बूथ संख्या चार प्राथमिक विद्यालय रचंगा दक्षिणी भाग को प्राथमिकविद्यालय रहमदगा करने का प्रस्ताव लिया गया है. बीडीओ ने बताया कि मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी. बीएलओ 24 जुलाई तक घर- घर जाकर मतदाता का सत्यापन करें

कुरैशी फाउंडेशन ने आंख जांच शिविर का किया आयोजन

# आखों को स्वस्थ रखने के लिए देखभाल जरूरी है : डॉ सिराज



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** गोलपार निवासी समाज सेवी एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आरिफ कुरैशी की शादी की सालगिरह के मौके पर गोलपार जामा मस्जिद के निकट आइरिस सुपरस्पेशलिटी आई हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ समाज सेवी एवं कुरैशी फाउंडेशन के अध्यक्ष आरिफ कुरैशी ने विधिवत रूप से किया। मौके पर आरिफ कुरैशी ने बताया कि इस आंख जांच शिविर में नेत्र समस्याओं की स्क्रीनिंग, उपचार के साथ चिकित्सक डॉ सिराज अली द्वारा लोगों को इस बात की जानकारी दी गई की वे किस प्रकार अपनी आंखों की बेहतर तरीके से देखभाल कर सकते हैं। कहा कि इस प्रकार के शिविर उनके लिए लाभदायक होते हैं जो रूपए के अभाव में अपनी आंखों का इलाज नही करवा पाते हैं। कहा की हमारी ओर से लोगों की मदद का कार्य जारी रहेगा। वहीं, डॉ सिराज अली ने कहा की आंखों को स्वस्थ्य रखने के लिए देखभाल जरूरी है।

बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण के तहत शुरू हुआ दक्ष-प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम


# निपुण भारत मिशन के साक्षरता लक्ष्यों को प्राप्त करने की आवश्यकता : प्रवीण रंजन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** जिले में झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना परिषद् और रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से 'बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम' के अंतर्गत 2 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के पहले बैच का शुभारंभ होटल एके इन्टरनेशनल में किया गया। इस प्रशिक्षण में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेश्वर सिंह द्वारा सभी संभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। पदाधिकारी ने रीडिंग कोर्नर का निरीक्षण कर कहा कि पूरे जिले को अकादमिक रूप से संबलन देने, निपुण भारत मिशन के साक्षरता के लक्ष्यों को प्राप्त करने के की आवश्यकता और रूम टू रीड द्वारा किये जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में कक्षा प्रथमऔर द्वितीय में एफएलएम किट और तमाम सहायक सामग्रियों, रीडिंग कोर्नर का उपयोग होना सुनिश्चित हो। रूम टू रीड से जिला प्रभारी कार्तिक मुखर्जी ने बताया कि यह प्रशिक्षण इन दो चरणों में आयोजित होगा'दोनों प्रशिक्षणों में 16 प्रखंड के हिंदी भाषा के 64 मास्टर ट्रेनर निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता के सभी घटकों, मौखिक भाषा विकास, ध्वनि जागरूकता, वर्ण ज्ञान, शब्द भंडार, धारा प्रवाह पठन, समझ, लेखन और स्वतंत्र पठन समय पर विस्तार से समझ बनाने का कार्य किया जाना नियोजित है' ये सभी मास्टर ट्रेनर आगामी दिनों में हजारीबाग जिले के सभी प्रखण्डों में कक्षा पहली और दूसरी में हिंदी भाषा शिक्षण कार्य करवाने वाले सभी शिक्षकगण को प्रशिक्षित कर रहे होंगे। मास्टर ट्रेनर को निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने, घटकों को स्कैफोल्डिंग द्वारा विस्तार से प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि वे निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में जिला कार्यालय से किसलय, सीआरपी प्रवीण,अजय नारायण दास शामिल हुए।

> मास्टर ट्रेनर को निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने, घटकों को स्कैफोल्डिंग द्वारा विस्तार से प्रस्तुत किया जाएगा

### भाजपा नेता ने किया 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन, मिली राहत



**हजारीबाग।** सदर प्रखंड के मोरांगी पंचायत के हत्यारी गांव में भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने 100 केवीए ट्रांसफर का गुरूवार को उद्घाटन किया।मौके पर उन्होंनेकहा कि पहले से गांव में लगा ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी लोगों ने एक दिन पूर्व दी थी। इसके बाद विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर गांव में नया ट्रांसफर लगवाने की पहल की।समस्या को देखते हुए तत्काल 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर बिजली विभाग द्वारा उपलब्ध करवाया गया।मौके पर चौधरी प्रसाद साहू, रवि लकड़ा,भुनेश्वर लिण्डा, जगदेव लकड़ा,जितेन्द्र लकड़ा,पच्चू राम,जितन उराँव, अंगद कच्छप, जयपाल उराँव, ऐशवा उराँव, राजेंद्र मिंज, उमेश उराँव, किशोर कुमार, कृष्णा साहू, पिंटू कुमार साहू, भोला कुमार महतो सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### आगामी चुनाव को लेकर जदयू तैयारी में जुटी

**कुजू।** मांडू समेत झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों के अन्य कई सीटों से जदयू चुनाव की तैयारी में जुट गई है। मांडू विधानसभा क्षेत्र में जदयू संगठन को सशक्त करने के साथ ही बूथ, पंचायत समेत जिला स्तर पर संगठन की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है। इसकी जानकारी जदयू रामगढ़ जिला अध्यक्ष ज्योतेंद्र प्रसाद साहू ने दी। बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से प्रदेश में पार्टी कार्यकताओं को एकजुट करने के मिले दिशा निर्देश को जमीन पर उतारने का काम प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो की अगुवाई में की जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो प्रदेश के सभी 24 जिलों में जदयू कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाने के कार्य में जुट गए हैं।

## निरीक्षण

प्रखंड मुख्यालय बरकट्ठा में 20 सूत्री कार्यक्रम की बैठक संपन्न

# विभिन्न मामलों के निष्पादन का दिया गया निर्देश



◆प्रखंड के 22 लाभुकों को जिला से ही बकरा/ बकरी वितरण करने का निर्णय लिया गया

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में गुरुवार को 20 सूत्री कार्यक्रम की बैठक 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद की अध्यक्षता में की गई। वहीं संचालन बड़ा बाबू फनी भूषण प्रसाद ने किया। इस निमित्त अंचलाधिकारी के उत्तरदायी अंचल निरीक्षक सुरेंद्र पासवान को अवैध बालू ढुलाई पर रोक लगाने तथा सभी प्रकार के प्रमाण पत्र ससमय निर्गत करने का निर्देश दिया गया। वहीं उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी डॉ निशांत बैक को सांप काटने पर उचित इलाज तथा असामाजिक तत्वों को अस्पताल आने पर रोक लगाने के लिए समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। 20 सूत्री अध्यक्ष द्वारा केजीबीवी बरकट्ठा में साप्ताहिक मेडिकल जांच टीम भेजने की बात कही गई। मुख्यमंत्री पशु वितरण के अंतर्गत प्रखंड के 22 लाभुकों को जिला से ही बकरा/ बकरी वितरण करने का निर्णय लिया गया। वहीं बीईईओ किशोर कुमार से केजीबीवी बरकट्ठा की छात्रा की मौत से संबंधित मामला का जायजा लिया गया। बच्चों के खाते में पैसा आने, साइकिल वितरण की अद्यतन स्थित, 3 वर्ष पूर्ण किए हुए एसएमसी का नई समिति का गठन, 13 विद्यालयों में सरकारी शिक्षक पद स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया। सीडीपीओ को निर्देशित किया गया कि प्रखंड के सभी 142 आंगनबाड़ी केंद्र का सतत अनुश्रवण तथा विधि व्यवस्था दुरुस्त किया जाए। कृषि पदाधिकारी अशोक ठाकुर से सोलर लाइट की सूची संबंधित, किसानों तक बीज वितरण की स्थिति का जायजा लिया गया।

# प्रखंड मुख्यालय में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन

**बरकट्ठा।** बाल विकास परियोजना के तत्वावधान में प्रखंड कार्यालय के सभागार में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता सीडीपीओ नीलू रानी और संचालन पर्यवेक्षिका कुमारी अनुश्री ने की। समारोह में दो महिला पर्यवेक्षिका कुमारी माधवी और कुमारी संयुक्ता को भावपूर्ण विदाई दी गई। वहीं नव पदस्थापित तीन महिला पर्यवेक्षिका का स्वागत किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए सीडीपीओ नीलू रानी ने कहा कि जब आत्मीय लगाव हो जाता है। व्यवहारिक जुड़ाव के बाद कोई बिछुड़ता है तो असहनीय दुख होता है। उन्होंने कहा कि दोनों पर्यवेक्षिका के कार्य और व्यवहार से परियोजना कार्य बेहतर तरीके से संचालित हो रहा था। सीडीपीओ ने नव पदस्थापित पर्यवेक्षिकाओं के स्वागत में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि परियोजना का कार्य बेहतर तरीके से बढ़ेगा। इस मौके पर कुमारी माधवी और संयुक्ता ने कहा कि 19 साल से परियोजना का कार्य करते हुए सभी सेविकाओं से आत्मीय जुड़ाव हो गया था। विछुड़ने का गम है। विदाई समारोह में सांख्यिकी सहायक रमेशचंद्र, अनुसेवक राजेन्द्र प्रसाद, सेविका प्रेमलता देवी ने भी अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। समारोह में सुखदेव प्रसाद, चितरंजन कुमार, सेविका किरण कुमारी, संजू कुमारी समेत बरकट्ठा और चलकुशा के सेविकाएं मौजूद थी।

## एक नजर

### एक पेड़ मां के नाम नई और प्रेरणादायक पहल : बिमला प्रधान

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम एक पेड़ माँ के नाम की शुरूआत आज जिला कार्यालय में वृक्षारोपण कर की गई। कार्यक्रम शामिल होते हुए पूर्व मंत्री बिमला प्रधान ने कहा की एक पेड़ मां के नाम एक नई और प्रेरणादायक पहल है इसका उद्देश्य मातृत्व के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ बढ़ावा देना है इस पहल के तहत लोग अपनी माता के नाम पर एक पेड़ लगाते हैं जो न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है बल्कि माता के प्रति सम्मान और प्रेम प्रकट करने का एक सुंदर तरीका भी है इसकी शुरूआत भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के द्वारा किया गया जिसे देश में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम बनाने का निर्णय लिया गया।वहीं कार्यक्रम संयोजक बसंत नारायण मांझी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यक्रम है।

### महिलाएं ही दे सकतीं है समाज को दिशा : अजय एक्का

**सिमडेगा।** आदिवासी वुमेन्स नेटवर्क विमेंस एंड जेंडर रिसोर्स सेंटर रांची के तत्वावधान में सामटोली स्थित समाज विकास केन्द्र में आदिवासी महिलाओं के वर्तमान परिस्थिति पर दो दिवसीय परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसका गुरुवार को विधिवत शुभारंभ हुआ जिसमें कोलेबिरा, जलडेगा, बांसजोर, ठेठईटांगर, बोलबा, केरसाई, पाकरडांड़ एवं सिमडेगा प्रखंड से सैकड़ों महिला प्रतिनिधि भाग लिया। कार्यक्रम में समाज में नशा का कुप्रभाव, पालायन, महिला हिंसा एवं लैंगिक उत्पीड़न और वर्तमान में युवाओं के बीच व्यप्त समास्याओं के संबंध में परिचर्चा हुई। वहीं ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने संबोधित करते हुए कहा कि जब जब समाज में समस्या खड़ी हुई तब तब महिलाओं ने समाज के लिए निर्भिक्ता से खड़ा होकर समाज को नई दिशा देने का काम किया है।

### हाई कोर्ट के तल्ख तेवर के बाद देर संध्या बरही में प्रारंभ हुई वाहन चेकिंग

**बरही।** इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार के निर्देशन में बरही थाना की ओर से सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट इत्यादि की जांच की गई. इस दौरान लगभग दो दर्जन वाहनों को हेलमेट नहीं रहने और अन्य कागजातो के अभाव ने जब्त किया गया. जप्त किए गए वाहन के चलान काटकर वाहन चालक को डीटीओ कार्यालय में राशि जमा करने का निर्देश दिया गया. जमा राशि रशीद जमा करने के बाद जब्त वाहन छोड़े जायेंगे. विदित हो कि ट्रैफिक दुर्घटना को लेकर उच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है. एसपी हजारीबाग ने इस संबंध में उच्च न्यायालय को एक सप्ताह के अंदर ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ बनाने का आश्वासन दिया है. इसी के तहत पूरे जिले में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जो अभी जारी रहेगा।

# ईसाई आदिवासी भी अपनी भाषा संस्कृति को समझते और मानते हैं : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** प्रखंड अंतर्गत लोम्बाई पंचायत के बाजार टांड में अखड़ा उदघाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सांस्कृतिक नाच-गाना प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत नगाड़ों और मांदर की थाप पर नाचते, गाते झूमते ग्रामीणों के द्वारा किया गया। विधायक ने कहा कि अंग्रेजों की नीति फूट डालो और राज करो कि नीति भाजपा और भाजपा की सहयोगी झापा के द्वारा किए जा रहे हैं।भाजपा और झापा आदिवासियों को एक साज़िश के तहत आपस में लड़ा कर आदिवासियत को समाप्त करने का नियत बना लिया है। भाजपा और झापा मिलकर जब 2005 में सरकार बनाई उसी समय से आदिवासियों को आपस में तोड़ने के लिए लगातार आरोप लगाती आ रही है। जबकि ये आरोप सरासर झूठा, द्वेष और पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर आदिवासी समुदाय को खत्म करने का साजिश है। एनोस एक्का हमेशा से ही सत्ता को अपने और अपने परिवार के पास ही सत्ता को रखना चाहते हैं जिससे कि सरकार में हमारी हिस्सेदारी ना हो।इस कार्यक्रम मेंनृत्य मण्डलियों के द्वारा अपना प्रस्तुति प्रस्तुत किया गया। इसके लिए विधायक द्वारा प्रोत्साहन के रूप में पुरुस्कार का भी बितरण किया गया। पुरस्कार के रूप में नगाड़ा, मांदर तथा सभी भाग लेने वाले प्रतिभागी टीमों के सभी सदस्यों को पारंपरिक साड़ी दिया गया उक्त कार्यक्रम में जिला विधायक प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष रावेल लकड़ा,जलडेगा प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया, बिधायक प्रतिनिधि अर्जुन होरो, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक कांग्रेस जमीर अहमद, मुखिया शिशिर डांग सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

# महिला मरीज की जान बचाने रितेश ने किया अपने जीवन का 79 वां रक्तदान

**कोडरमा ।** बुधवार को जिले के डोंईयांडीह की रहने वाली गर्भवती महिला मरीज के लिए ए पॉजिटिव रक्त की जरूरत पड़ी, पर ब्लड बैंक में इस ग्रुप का रक्त नहीं रहने से उक्त मरीज के परिजन काफी परेशान थे। इसकी सूचना मिलते हीं महिला मरीज के लिए रक्त मुहैया कराने समाजसेवी रक्तदाता रितेश माधव ने अपना रक्त मरीज को मुहैया करने की बात उनके परिजनों को कही। इसके बाद रितेश माधव मरीज के लिए रक्त मुहैया करने सदर हॉस्पिटल स्थित ब्लड बैंक पहुंच कर रक्तदान किया। इस रक्तदान के साथ रितेश माधव के लिए 79वां रक्तदान रहा। रितेश माधव ने बताया कि आज कोडरमा ब्लड बैंक हर रोज कई मरीजों की जान निःशुल्क बचा रही है। यदि ब्लड बैंक में आपकी जरूरत के अनुसार रक्त ब्लड बैंक में है, तो आपको सिर्फ उस रक्त के बदले दूसरा किसी भी ग्रुप का रक्त देकर आप वह ग्रुप का रक्त ले सकते हैं। ग्रामीण इलाकों में

**रक्तदान करने से लोगों के भीतर नई रक्त कोशिकाएं बनती है और समय- समय पर हमारे शरीर में नई रक्त कोशिकाएं बनता रहता है**

रक्तदान के प्रति लोगों में काफी भ्रम फैली हुई है। लोग सोचते हैं कि रक्तदान करने से उनको कमजोरी या कोई अन्य परेशानियां हो सकती है पर रक्तदान करने से इस भ्रम के ठीक विपरीत उत्तर मिलता है। रक्तदान करने से लोगों के भीतर नई रक्त कोशिकाएं बनती है और समय-समय पर हमारे शरीर में नई रक्त कोशिकाएं बनता रहता है। रितेश ने बताया कि वह पहले स्वयं हाई सुगर के मरीज थे। पर जब से वह रक्तदान करना शुरू किया है, उनका सुगर काफी कंट्रोल रहता है। रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता की काफी कमी है, जिसके लिए सरकार को रक्तदाताओं के साथ मिलकर इस पर कार्य करना चाहिए।

## न्यूज बॉक्स

### बाल विकास परियोजना की ओर से दिव्यांगों के बीच उपकरणों का हुआ वितरण



**बानो।** बाल विकास परियोजना कार्यालय बानो में दिव्यांगों के बीच सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। मिली जानकारी के अनुसार प्रखण्ड के साहुबेडा पंचायत के अतुल मुरुम व अभिराम मुरुम को बैसाखी का वितरण किया गया।मौके पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने दिव्यांगों को सहायक उपकरण सौपा। उन्होंने कहा कि बाल विकास परियोजना कार्यलय की ओर से हर वर्ष जरूरत मंद लोगो के बीच ,ट्रायसाइकिल, ह्वील चेयर ,बैसाखी आदि उपकरण सरकार की ओर दी जाती हैं ।सभी आंगनबाड़ी सेविका अपने आस पास के लोगो का चयन कर योजना का लाभ दें। मौके पर महिला सुपरवाइजर संगीता देवी ,वीणा पहान आदि लोग उपस्थित थे।

### कछुपानी गांव में पेड़ से गिरकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के कछुपानी गांव मे पेड़ से गिरने से एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल इलाज के लिए लाया गया बोलबा अस्पताल। घटना के संबध में मिली जानकारी के अनुसार कछुपानी गाँव के जेठू पहान एक पेड़ पर बकरी के लिए पेड़ का डाली काटने चढ़ा था ।अचानक पैर फिसल गया जिससे वह गिर गया और गम्भीर रूप से घायल हो गया, उन्हें ग्रामीणों की मदद से बोलबा अस्पताल लाया गया । डॉ0 देबोतोष भुटिया की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया गया।

### पंडरीपानी शिव मंदिर के वार्षिक महोत्सव पर भव्य कलश यात्रा का हुआ आयोजन



**ठेठईटांगर।** प्रखंड के तापूड़ेगा पण्डरी पानी मे शिव मंदिर की प्रथम वार्षिक महोत्सव के मौके पर गुरुवार की सुबह भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया कलश यात्रा की शुरूआत छिंदा नदी से की गई जहाँ सैकड़ो की संख्या में भगवा वस्त्र धारण करते हुए हर हर महादेव जय श्री राम के जय घोष के साथ पंडित सतीश चंद पाठक के अगुवाई में कलश यात्रा लंबी दूरी तय करते हुए मंदिर पहुंची जहां पर वैदिक मंत्र कर के साथ अधिवास पूजन करते हुए 24 घंटे का अष्ट प्रहरी हरि कीर्तन का शुभारंभ किया गया ।जिसमें जजमान जय प्रकाश गुप्ता सहपत्निक पूजा किया ।अखन्ड कीर्तन में प्रधानटोली बृंदाबन ,कशबहार, जोराम ,अलसंगा टुकुपानी, तामड़ा सहित आसपास के कई गांव के कीर्तन मंडली शामिल हुआ। मौके पर बताया गया कि आज 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन समापन के मौके पर हवन पूजन एवं भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से अध्यक्ष कुलदीप प्रसाद, सचिव सुबोध महतो, अघनु बड़ाइक, सुदेश महतो, सुकरा महतो ,संतोष महतो ,रंजित महतो, पवन महतो ,देव मेहर, रामलगन मेहर, विहिप जिला महामंत्री कृष्ण शर्मा बजरंग दल संयोजक आंनद जायसवाल , राम कथा दीदी चंद्रिका संतोषी आदि शामिल हुए।

### सिमडेगा उपायुक्त कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का हुआ आयोजन



**सिमडेगा।** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में अबूआ आवास योजना का लाभ दिलाने, आंगनबाड़ी नियुक्ति, आधार सुधार, बज्रपात कि घटना में मृत मवेशियों का मुआवजा दिलाने, स्वास्थ सहायता, जमीन बंटवारा, एवं बैंक से संबंधित मामले आये। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए अग्रसारित किया।

### पीसीसी पथ निर्माण में भारी अनियमितता, ग्रामीणों में आक्रोश

# नयी सड़क निर्माण के छह माह भी नहीं हुए उखड़ने लगी परतें



**नवीन मेल संवाददाता। पाकरटांड** प्रखण्ड अन्तर्गत कैरबेडा पंचायत के डूमरडीह चरकूडीह से पन्नाटोली के बीच पीसीसी पथ का निर्माण, जिला योजना अनाबद्ध मद अन्तर्गत, कार्यकारी एजेंसी ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सिमडेगा, योजना संख्याः 1125, 01.06.2023 प्रकाल्लित राशि 24,60,200.00 का संवेदक द्वारा बनाया गया है। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता खुशीराम कुमार को दिया, जिस पर खुशीराम कुमार ने बताया कि पीसीसी निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती गई है, इसमें ढलाई का मोटाई भी बहुत कम है। सड़क निर्माण अभी छह का छह महीना भी बीता है और उसकी परतें उखड़ने लगी हैं। सड़क को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। सच्चाई को छुपाने के लिए जो साइन बोर्ड लगाया गया है उसपर दूरी नहीं लिखा गया है और सड़क की लंबाई को भी घटा दिया है। संवेदक द्वारा ग्रामीणों को बार बार आश्वासन दिया गया कि जो अधूरा बचा है बाद में पूरा कर देंगे पर अभी तक नही बना जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। कांग्रेस नेता खुशीराम कुमार ने खुद जहां पर पी सी सी पथ निर्माण किया गया है वहां उपस्थित होकर ग्रामीणों से कहा कि इसका जांच कराया जाएगा और जो जो इस भ्रष्टाचार में शामिल हैं उन पर कार्यवाही किया जाएगा और जरुरत पड़ी तो संवेदक और संबंधित विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर सोमरू महतो, सोनू बड़ाईक, सबीना किंडो, सिरिल किंडो, प्रदीप डुंगडुंग, मिखैल लकड़ा, पिलकास डुंगडुंग, ज्योति प्रकाश मिंज, सुषमा डुंगडुंग, रेजिना डुंगडुंग, एलिस मिंज, मरियम डुंगडुंग, अनिल कुजूर, जेरोम कुजूर, सुकरा महतो, इंदर महतो, नेम्हान कुजूर, प्रभा कुजूर, मनबोध बड़ाईक, सुनीता कुजूर आदि मौजूद थे।

### उपायुक्त ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत कार्यो की समीक्षा की

# ससमय डाटा उपलब्ध करवाने का दिया निर्देश



**सिमडेगा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की बैठक करते हुए। बैठक में नीति आयोग द्वारा निर्धारित हेल्थ एंड न्यूट्रिशन, एजुकेशन, एग्रीकल्चर एंड वॉटर रिसोर्स, फाइनेंशियल इंक्लूजंस एंड स्किल डेवलपमेंट, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर के विभिन्न सूचकांको की समीक्षा की गई। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत कार्य कर रहे पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि द्वारा पीपीटी के माध्यम से रिपोर्ट की प्रस्तुति देते हुए जिले की स्थिति क्षेत्रानुसार बताई। साथ ही बेसलाइन डाटा में किए गए सुधार और कार्यक्रम से जुड़े अन्य गतिविधियों के बारे में बताया। जिला का जनवरी 2024 महीने में डेल्टा रैंक 60 है। वहीं शिक्षा में 82, स्वास्थ्य और पोषण में 44, कृषि और जल संसाधन में 31, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास में 53 तथा बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर में 53 रैंक रहा। उपायुक्त ने जिला योजना पदाधिकरी सहित सभी संबंधित पदाधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देते हुए ससमय डाटा उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया।उपायुक्त महोदय ने नीति आयोग, दिल्ली द्वारा चयनित 05 क्षेत्रों के विभिन्न सूचकांकों में सुधार करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये।सभी आकांक्षी जिला एवं सभी आकांक्षी प्रखंड में 4 से 6 जुलाई 2024 के बीच करेगी।

## सेविका चयन में हो रही परेशानियों को लेकर डीडीसी ने मिले कांग्रेसी नेता



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** कांग्रेस आदिवासी नेता दिलीप तिर्की ने जिला उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु से मुलाकात कर सेविका चयन में सीडीपीओ अर्चना सिंह द्वारा हो रहे ग्रामीणों के तकलीफ से कराया अवगत। चर्चा के दौरान जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी संदीप भगत भी मौजूद रहे। इस चर्चा के दौरान दिलीप ने कहा कि जिले के कई पोषक क्षेत्र से सेविका चयन को लेकर कई सवाल उठ रहे। लोगों का कहना है कि हमें समय दिया जाता चयन के लिए और जब समय आता चयन का तो अचानक मैडम संदेश देती हैं कि चयन नहीं होगा जिसका कोई कारण भी नहीं बताया जाता। जिससे ग्रामसभा और आम लोग परेशान हो रही है। अभी चार से पांच दिनों के अंदर फरसाबेड़ा, मैनाबेड़ा, बरपानी, सलडेगा जैसे जगहों में बिना कारण बताए ही चुनाव रद्द कर दिया गया। यह भी कहा गया कि चुनाव के बाद रिजल्ट भी सभों के सामने घोषणा नही कर सीडीपीओ मैडम ऑफिस से घोषणा करती हैं। और विवाद खड़ा कर देती हैं। डीडीसी संदीप कुमार दोराईबुरु ने कहा कि सभी बातों को गंभीरता से लिया जाएगा। क्योकि बातें गांव और ग्रामसभा से जुड़ी है। खुद सीडीपीओ से बात करूंगा कि चयन पारदर्शिता के साथ हो। ताकि कही से शिकायत न आ सके।

# आदिवासी महिलाओं की आवाज बनकर करुंगी सेवा : आईरीन



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** झापा नेत्री आईरीन एक्का ने गुरुवार को कुरडेग और केरसई प्रखंड के कई गांवो का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्या सुनी। उन्होंने कोनजोबा, पहाड़टोली, झरैन, दोकवा टोली आदि गांव का भ्रमण किया। मौके पर ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए आइरीन एक्का ने गांव की समस्या को सुनी और पार्टी स्तर पर समस्या को दूर करने के लिए सकारात्मक पहल करने की बात कही। आइरीन एक्का ने अपने संबोधन में कहा कि झापा महिलाओं के मान सम्मान की लड़ाई लड़ेगी। जिले की महिलाओं को आतमनिर्भर बनाते हुए रोजगार से जोड़ा जाएगा ताकि ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में मीडिया के माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार आदिवासी युवितयों के साथ लगातार शोषण हो रहा है। लेकिन इनके लिए कोई आवाज नहीं उठा रहा है। उन्होंने कहा कि आईरीन एक्का आदिवासी युवती और महिलाओं की आवाज बनकर आदिवासियों की अस्मिता की रक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि झापा के माध्यम से पूरे जिले को खुशहल बनाने का काम किया जाएगा। विपक्षी पार्टियों पर भी आईरीन ने निशाना साधते हुए कहा कि क्षेत्र में आज भी लोग बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी मुलभूत समस्याओं से जुझ रही है जो वर्तमान जनप्रतिनिधियों के विकास के दावे को खुद बयां करती है। मौके पर विनोद बारला, अमन खेस, धीरज बेक, प्रभाकर तिर्की, सौरभ तिर्की, दिनेश बारला, जेवियर लकड़ा, आनंद टोप्पो, क्लोस्टिका कुजूर, नीलू मिंज, एनेल कुजूर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## निराकरण

### परेशानी को लेकर बैंक ऑफ इंडिया शाखा का बीडीओ ने किया निरीक्षण

# कर्मचारियों की कमी के कारण कार्य में आ रहा अवरोध



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा बानो में केवाईसी के नाम पर बैंक में कार्य में हो रही देरी की शिकायत पर गुरुवार को जनप्रतिनिधियों के साथ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी बैंक जाकर शाखा प्रबंधक जयंत कुमार महतो से मुलाकात की। बैंक कर्मियों द्वारा किसी सवाल की सही जानकारी नहीं दी गई। केवाईसी कितने ग्राहकों की हुई है तथा कितने दिनों तक के वाई सी होगी। इस दौरान होने वाली परेशानियों का क्या विकल्प है। शाखा में ग्राहकों की कोई सुविधा उपलब्ध नही रहने से जनप्रतिनिधि खफा थे। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने बताया कि शाखा में सुबह 7बजे से लाईन लगाते हैं खाता धारक। शाखा में ग्रामीणों की सुविधा के लिए उपलब्ध नहीं है। न पीने के लिये पानी न उचित हवादार जगह सीढ़ी पर लोग घण्टो अंधरे में गर्मी में खड़े रह कर बैंक के दरवाजे तक पहुंचते है। बैंक के बाहर लगी लाइन न टूट जाए इस लिये लोग लघुशंका भी नही जा पाते हैं। जिसके कारण देखा जा रहा है लोग लाइन के बगल में लघुशंका कर देते हैं। इधर शाखा प्रबंधक जयंत कुमार महतो सवाल पूछे जाने पर हर बात पर अनभिज्ञता दिखलाया। बैंक कर्मचारियों का कहना है कि कर्मचारियों की कमी के कारण कार्य सही से नहीं हो पा रहा है। जोनल ऑफिस से ही यहाँ के अधिकारियों को दूसरे जगह तो भेजते है परन्तु बार बार कहे जाने के बावजूद कर्मचारी नही भेजा जा रहा है।इधर दूर दराज से आये खाता धारक बैंक के काम से सुबह 6बजे ही निकल कर आते हैं।ताकि बैंक में लगी लाइन में जगह मिल सके।कई लोग दिन के भोजन लेकर भी लाइन में लगते हैं।परन्तु बैंक के काउंटर तक पहुँच नही पाते हैं।

### भाजपा नेता उपेंद्र श्रीवास्तव ने नगर परिषद के प्रशासक से की मुलाकात

**सिमडेगा।** नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुमित कुमार महतो से मिलकर भाजपा नेता उपेंद्र श्रीवास्तव ने केंद्र द्वारा भेजी गई योजना प्रधानमंत्री आवास योजना, विश्वकर्म योजना या अन्य केंद्र सरकार की योजनाओं का अब तक आम जनता को कितना लाभ दिलाया गया है इन योजनाओं से कितने लोग लाभान्वित हुए इस पर चर्चा की ।जिस पर उन्होंने जानकारी देते हुए बताया साथ कृषि विभाग के पदाधिकारी से भी मुलाकात कर वहां की सारी गतिविधियों के बारे में बात रखी ।उन्होंने कहा खेती का समय आ गया है, किसानों को समय पर बीज और खाद उपलब्ध करने की बात कही ।जिस पर जिला कृषि पदाधिकारी ने जो जानकारी दी।

### दनगद्दी में आयोजित की गयी बूथ स्तरीय कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन

# बोलबा से कुंदरमुंडा टकबहाल तक का अधूरी सड़क जल्द बनेगी : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय से अलिंगुड-कुंदुरमुण्डा-टकबहाल उड़ीसा बॉर्डर तक अधूरा सड़क जल्द बनेगी। यह बात कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कही। पर्यटक स्थल दनगद्दी में बूथ स्तरीय कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने के बाद कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाडी ने एक सवाल पर पत्रकारों को बताया कि बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय से उड़ीसा बॉर्डर तक अधूरा सड़क बहुत जल्द बनेगा । इस मौके पर उन्होंने कहा कि केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार जहां एक ओर जंगल उजाड़कर भारत माला 6 लेन रोड पूंजीपतियों को सुविधा देने के लिए बन रहा है । जंगलों को उजाड़ने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एनओसी दे देते है । वही बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय से अलिंगुड-कुंदुरमुंडा टकबहाल उड़ीसा बॉर्डर तक सडक जहां तक जाती है। वहां एसटीएससी, ओबीसी लोग रहते है यह गरीबों का सड़क है ,इस सड़क पर गरीब लोग प्रतिदिन आना-जाना करते है उसे भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने एनओसी नही देकर रोक लगा दिया। यह सड़क कई सालों से जर्जर स्थिति में अधूरा पड़ा हुआ है।

